# कार्यालय – अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्रांक : 770/अ0छा0क0/2026 दिनाँक– 13/07/2026

## : : सूचना : :

ऑनलाइन छात्रावास आवेदन एवं आवंटन प्रक्रिया

**(online Hostel Application and Allotment Process)**

विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि छात्रावास हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं आवंटन प्रक्रिया विश्वविद्यालय के ERP पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएगी।

**पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया**

**वेबसाइट: erp-hbtu-ac-in**

**इसके बाद चयन करें: Hostel Management → Student Login**

विद्यार्थी छात्रावास प्रबंधन प्रणाली में लॉगिन करने के लिए उसी **लॉगिन आईडी** एवं **पासवर्ड** का प्रयोग करेंगे, जिसका उपयोग वे विश्वविद्यालय के **Student Portal** में **लॉगिन** करने हेतु करते हैं।

**छात्रावास आवेदन प्रारम्भ होने की तिथियाँ**

- UG एवं PG पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष एवं उससे उच्च वर्ष के विद्यार्थी : **20 जुलाई, 2026** से
- PG पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी : **25 जुलाई, 2026** से
- UG पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी : **01 अगस्त, 2026** से

**प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु प्रक्रिया:**

1. विश्वविद्यालय के **ERP** पोर्टल पर लॉगिन कर **Hostel Application** विकल्प खोलें।
2. आवेदन पत्र में मांगी गई सभी आवश्यक जानकारियाँ सावधानीपूर्वक भरकर आवेदन जमा करें।
3. जमा किया गया आवेदन परीक्षण एवं छात्रावास आवंटन हेतु अधिष्ठाता, छात्र कल्याण (**DSW**) को अग्रेसित किया जाएगा।
4. छात्रावास आवंटित होने के पश्चात आवेदन संबंधित छात्रावास के वार्डन को भेजा जाएगा।
5. विद्यार्थी को निर्धारित **छात्रावास शुल्क, मेस शुल्क** एवं **DSW** शुल्क जमा करना होगा।
6. शुल्क के सफल भुगतान एवं सत्यापन के पश्चात संबंधित वार्डन द्वारा कक्ष/बेड का आवंटन किया जाएगा।
7. निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात ही विद्यार्थी को छात्रावास का निवासी माना जाएगा।

**द्वितीय वर्ष एवं उससे उच्च वर्ष के विद्यार्थियों हेतु प्रक्रिया:**

1. विश्वविद्यालय के **ERP** पोर्टल पर लॉगिन कर **Hostel Application** विकल्प खोलें।
2. पोर्टल पर विद्यार्थी के वर्ष एवं पाठ्यक्रम के अनुसार अनुमन्य छात्रावास ही प्रदर्शित होंगे।
3. विद्यार्थी **प्राथमिकता–1** एवं **प्राथमिकता–2** का चयन सावधानीपूर्वक करें।
4. आवेदन जमा होने के बाद उसे सर्वप्रथम **प्राथमिकता–1** के रूप में चयनित छात्रावास के वार्डन को भेजा जाएगा।

5. यदि **प्राथमिकता–1** वाले छात्रावास में स्थान उपलब्ध है, तो वार्डन आवेदन को शुल्क भुगतान हेतु अनुमोदित करेंगे।

6. निर्धारित शुल्क का सफल भुगतान होने के पश्चात संबंधित वार्डन द्वारा कक्ष/बेड का आवंटन किया जाएगा।

7. यदि **प्राथमिकता–1** वाले छात्रावास में स्थान उपलब्ध नहीं है, तो आवेदन **प्राथमिकता–2** वाले छात्रावास के वार्डन को अग्रेषित किया जाएगा।

8. यदि दोनों चयनित छात्रावासों में स्थान उपलब्ध नहीं है, तो आवेदन लंबित रहेगा तथा उपलब्धता एवं सक्षम प्राधिकारी के निर्देशों के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

सभी विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन पत्र में सही जानकारी भरें, छात्रावास प्राथमिकताओं का चयन सावधानीपूर्वक करें तथा आवेदन की स्थिति, अनुमोदन, शुल्क भुगतान और कक्ष आवंटन से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय ERP पोर्टल देखते रहें।

केवल आवेदन जमा करना छात्रावास आवंटन की गारंटी नहीं है। छात्रावास आवंटन पात्रता, उपलब्धता, लागू छात्रावास नियमों तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन होगा।

**अधिष्ठाता, छात्र कल्याण**
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा० कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच०बी०टी०यू०, कानपुर।
3. सिस्टम मैनेजर, एच.बी.टी.यू. कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेब साइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।

**अधिष्ठाता, छात्र कल्याण**
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।